बांग्ला लोकगीतों और नृत्य से बांधा समां

पोईला बैसाख पर कदमा के न्यू फार्म एरिया दुर्गा पूजा मैदान में आयोजित कार्यक्रम में प्रस्तुति देती कोलकाता से आई कालकार।

पोईला बैसाख पर कदमा के न्यू फार्म एरिया दुर्गा पूजा मैदान में बांगभाषी युवा मंच के कार्यक्रम में पहुंचे मंत्री सरयू राय व अन्य। ● हिन्दुस्तान

जमशेदपुर | वरीय संवाददाता

शहर के बांग्ला संगठनों ने हर्षोल्लास के साथ गुरुवार को बांग्ला नववर्ष 'पोईला बैसाख' मनाया। पूजा-पाठ और धार्मिक अनुष्ठानों के अलावा शहर भर के बांग्ला संगठनों ने रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन किया।

झारखंड बंगभाषी युवा मोर्चा और कदमा फार्म एरिया न्यू सार्वजनिन दुर्गा पूजा कमेटी की ओर से शाम सात बजे से 'वर्षो वरण-1423' का आयोजन किया गया। फार्म एरिया पूजा मैदान में प्रसिद्ध बांग्ला लोक बैंड मोहुल फोक बैंड आधुनिक बांग्ला लोकगीत और नृत्य का जलवा देखते ही बन रहा था। खाद्य आपूर्ति मंत्री सरयू राय कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। इसके अलावा टेल्को सबुज कल्याण संघ, बंगाल क्लब, द मिलानी, अमल संघ, इवनिंग क्लब, सोनारी कम्यूनिटी सेंटर में भी पोईला बैसाख पर सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। इससे पहले बेल्डीह काली बाड़ी में तड़के चार बजे से पूजा अर्चना, मंत्र- जाप और धार्मिक संगीत का कार्यक्रम हुआ।

परसूडीह में पोईला बैसाख पर आयोजित कार्यक्रम का लुप्त उठाते जिप उपाध्यक्ष राजकुमार सिंह, जिप सदस्य सुदिप्तो डे राणा, समाजसेवी नारायण पाल एवं अन्य। ● हिन्दुस्तान

परसूडीह में मना पोइला बैशाख : नेताजी मिलन संघ की ओर से गुरुवार को परसूडीह के विद्यासागर पल्ली में पोइला बैशाख मनाया गया। मौके पर बतौर अतिथि जिप उपाध्यक्ष राजकुमार सिंह, जिप सदस्य सुदिप्तो डे राणा और समाजसेवी नारायण पाल ने दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस अवसर पर बंगाली समुदाय के लोगों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। मौके पर दिवाकर मंडल, काजल मजूमदार, तरुण हाजरा, सुशील सिन्हा समेत बड़ी संख्या में बंगाली समुदाय के लोग उपस्थित थे।